IIM रांची प्लेसमेंट: एमबीए में हाइएस्ट पैकेज 65 लाख, HR में ₹32.21 लाख का पैकेज मिला

रांची | आईआईएम रांची में 2021-23 बैच का फाइनल प्लेसमेंट पूरा हो गया है। इसमें एमबीए के 398, एमबीए एचआर के 69 और एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के 35 छात्र शामिल रहे। इस बार प्लेसमेंट प्रक्रिया के लिए 140 कंपनियों ने छात्रों को जॉब ऑफर दिया। एमबीए प्रोग्राम में हाइएस्ट पैकेज 65 लाख रुपए सलाना मिला। वहीं मीन पैकेज 17.34 लाख व मिडीयम पैकेज 16.50 लाख रुपए सलाना प्राप्त हुआ है। वहीं, एमबीए एचआर प्रोग्राम में हाइएस्ट पैकेज 32.21 लाख रुपए सलाना प्राप्त हुआ है। जबकि मीन सीटीसी 16.28 लाख रुपए सलाना, मिलियन सीटीसी 16 लाख रुपए सलाना मिला है। एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स में हाइएस्ट पैकेज 22.32 लाख रुपए सलाना प्राप्त हुआ है। वहीं मीन सीटीसी 16.42 लाख रुपए व मिडीयम सीटीसी 16 लाख रुपए सलाना मिला है।

Dainik Bhaskar, 07.03.2023, Pg.2